
# 18 हम सब

हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई,
चारों मिलकर गाएँ।
जात-पात की बात करें मत,
मानव दिवस मनाएँ।

देश हमारा भारत प्यारा,
इसके बेटे चार हैं।
गोदी इसकी खेल, पले हैं,
हम में पूरा प्यार है।

प्यार तोड़नेवाले की,
हर कोशिश नाकाम करें।
भारत है, तो हम सब हैं,
मन में यही विचार करें।

खून-पसीना एक करेंगे,
मिलकर जतन करेंगे।
हम तो हैं भारत के बच्चे,
हम न कभी डरेंगे।



– आशा दूबे

**शब्दार्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **मानव** | – | आदमी | **दिवस** | – | दिन |
| **नाकाम** | – | बेकार | **जतन** | – | मेहनत |
| **कोशिश** | – | प्रयास | | | |

## अभ्यास

1. **आइए बातचीत करें -**

(क) अपने विद्यालय को सुन्दर बनाने के लिए आप क्या-क्या करेंगे?

..........................................................................................

..........................................................................................

(ख) किसी बहादुर बच्चे की कहानी सुनाइए।

..........................................................................................

..........................................................................................

2. **पाठ से बताएँ -**

(क) हमारे देश का नाम क्या है ?

..........................................................................................

(ख) अपना देश आपको कैसा लगता है ?

..........................................................................................

(ग) हमारे देश के चार बेटे कौन-कौन हैं ?

..........................................................................................

(घ) हमें किस कोशिश को नाकाम करना है ?

..........................................................................................

3. **अर्थ/भाव से मिलती हुई पंक्ति कविता में से ढूँढ़कर लिखिए-**

| अर्थ/भाव | पंक्ति |
|---|---|
| (क) हमलोग जात-पात की बातें नहीं करें , हम सभी आदमी मिलजुल कर खुश रहें। | ..................................................... <br> ..................................................... |
| (ख) हमलोगों का विकास भारत की धरती पर खेलते-कूदते हुआ है, हम यहीं बड़े हुए हैं। हमलोगों में आपस में खूब प्यार है। | ..................................................... <br> ..................................................... |

(ग) हमें एक चीज जरूर सोचना चाहिए
कि अगर हमारा देश सुरक्षित है, तब ..................................................
ही हम सब भी सुरक्षित हैं, क्योंकि हमें
देश से ही सब कुछ मिलता है। ..................................................

4. हमें कविता में कुछ काम करने तथा कुछ काम नहीं करने की सलाह दी गई है। आइए इसकी सूची बनाएँ-

| कौन काम करें | कौन काम न करें |
|---|---|
| ............................. | .................................... |
| ............................ | ................................... |
| ............................ | ................................... |
| ............................ | ................................... |

5. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखें-

(क) मानव ......................................
(ख) दिवस ......................................
(ग) नाकाम ......................................
(घ) जतन ......................................
(ङ) कोशिश ......................................

6. दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें-

(क) प्यारा ......................................................................................................................
(ख) गोदी ......................................................................................................................
(ग) तोड़ना ......................................................................................................................
(घ) कोशिश......................................................................................................................
(ङ) खून ......................................................................................................................
(च) विचार ......................................................................................................................
(ज) पसीना ....................................................................................................................

7. **खाली स्थानों को भरें-**

(क) देश हमारा ........................ प्यारा ,
इसके बेटे ............................ हैं।
.................... इसकी खेल, पले हैं ,
हममें .................................. है।

(ख) खून-........................एक करेंगे ,
मिलकर ........................ करेंगे।
हम तो हैं .................. के बच्चे ,
हम न कभी ........................।

8. **अधूरे वाक्यों को मिलाकर सही एवं पूरा वाक्य बनाएँ-**

| | |
|---|---|
| हम जात-पात की बात नहीं कर | कभी नहीं डरेंगे। |
| हमारे प्यारे भारत देश के | भारत सुरक्षित है तो हम सुरक्षित हैं। |
| हमें अपने बीच के प्रेम को तोड़ने की | मानव दिवस मनाएँ। |
| हमें यह समझ लेना चाहिए कि | हर कोशिश बेकार करनी चाहिए। |
| हम भारत के बच्चे | चार बेटे हैं। |

9. **आपस में मिलजुल कर रहने से क्या-क्या लाभ हैं?**

..................................................................................................................................
..................................................................................................................................
..................................................................................................................................
..................................................................................................................................
..................................................................................................................................
..................................................................................................................................
..................................................................................................................................